दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 348 | देहरादून, मंगलवार 17 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति

## न्यूज डायरी

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन स्कूटी सवार युवकों की मौत

**देहरादून।** विकासनगर–सेलाकुई थाना क्षेत्र में लेबर रोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक देर रात सेलाकुई थाने के कंट्रोल रूम में वाहन दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना के समय स्कूटी को सूरज चला रहा था और सूरज के पीछे अनिल और मुकेश बैठे हुए थे। हादसे में सूरज की मौके पर ही मौत हो गई थी। सेलाकुई थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि तीनों युवक सेलाकुई स्थित एक कंपनी में काम करते थे और जमालपुर में अपने दोस्त सुरजीत के जन्मदिन की पार्टी में दौरान शराब के ठेके पर जा रहे थे। तभी लेबर रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में स्कूटी सवार आ गए। हादसे में स्कूटी चालक सूरज (20 साल) की मौके पर मौत हो गई और मुकेश (26 साल) और अनिल (22साल) की अस्पताल मे उपचार के दौरान मौत हो गई।

### मोटरसाइकिल से सड़क पर गिरे बच्चे को कार ने कुचला, दर्दनाक मौत

**देहरादून।** मोटरसाइकिल के सडक पर फिसलने से गिरे सात वर्षीय बच्चे को कार ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटी पार्क निवासी योगराज सिंह ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने भतीजे के साथ मोटरसाईकिल से घर की तरफ जा रहा था। जब वह जोगीवाला रिंग रोड पर पहुंचा तभी उसकी मोटरसाईकिल सडक पर फिसल गयी, जिससे वह व उसका भतीजा सडक पर गिर गये तभी तेज गति से आ रही बुलेरो कार ने उसके सात वर्षीय भतीजे गर्वित को कुचल दिया।

# केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिले मुख्यमंत्री धामी, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। इस दौरान सीएम धामी ने केंद्रीय मंत्री से जल–विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विशेष सहायता का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से ऋषिकेश–हरिद्वार क्षेत्र में विद्युत लाइनों को भूमिगत और स्वचालित करने का भी अनुरोध किया। साथ ही, राज्य के कुमाऊं और अपर यमुना क्षेत्र में जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए रुपये 4000 करोड़ के वाइबिलिटी गैप फंड के लिए भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के दूरदराज और कठिन भू–भाग में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के लिए रुपये 3800 करोड़ के वायबिलिटी गैप फंड की भी अनुरोध किया। जिससे इन क्षेत्रों में ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा सके। साथ ही स्थानीय विकास को भी बढ़ावा मिल सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने पावर सिस्टम डेवलप फंड के तहत पिटकुल की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं की डीपीआर स्वीकृति



केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री से मुलाकात करते सीएम धामी।

कपने का भी आग्रह किया। साथ ही इन दोनों परियोजनाओं को 100 प्रतिशत अनुदान के साथ मंजूरी देने की बात भी सीएम धामी ने केंद्रीय मंत्री से कही। इन परियोजनाओं की लागत रुपये 1007.82 करोड़ है।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री का प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत कमजोर आय वर्ग के लिए आवासीय इकाइयों के निर्माण को लेकर वर्तमान दिशानिर्देशों की व्यवहारिक चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया राज्य सरकार निजी भागीदारी मॉडल के अंतर्गत सफलतापूर्वक परियोजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन एकमुश्त केंद्रीय अनुदान की व्यवस्था से परियोजनाओं का कैश फ्लो प्रभावित हो रहा है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाली पैदल यात्रा का हो रहा है विधिवत संचालन

**देहरादून।** जंगल चट्टी के निकट निरंतर हो रही भारी वर्षा के कारण गधेरे में अचानक मलबा एवं पत्थरों के आने से केदारनाथ धाम को जाने वाला पैदल मार्ग आंशिक रूप से बाधित हो गया था। सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा को कुछ समय के लिए अस्थाई रूप से स्थगित किया गया था। प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से देर सायंकाल में कार्यदायी संस्थाओं के स्तर से पैदल यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आये मलबा पत्थर इत्यादि को हटाने एवं मार्ग को सुचारु करने का कार्य तत्परता से किया गया। आज प्रातःकाल से मौसम के अनुकूल होने पर जनपद में केदारनाथ धाम यात्रा सुचारु करने हेतु मार्ग पूर्ण रूप से साफ कर दिया गया है तथा केदारनाथ धाम की यात्रा पुनः सामान्य रूप से संचालित हो रही है।



# योग एक ऐसी पद्धति जो शारीरिक, मानसिक व आत्मिक उत्थान की भी कारक: आशुतोष महाराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान संस्थापक एवं संचालक आशुतोष महाराज जी का कहना है कि बात मुक्ति की हो, आध्यात्मिक उन्नति की हो, आनंद की चिरंतन अनुभूति की हो, दुःख–विषाद के अहसास से ऊपर उठने की हो या फिर मनुष्य के सम्पूर्ण स्वास्थ्य की ही क्यों न हो; 'योग' एक ऐसा छत्र है जिसमें ये सब लाभ समाए हुए हैं।

यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) के अनुसार योग शरीर, मन व आत्मा के समन्वय पर आधारित एक ऐसी पद्धति



है, जो शारीरिक, मानसिक व आत्मिक उत्थान की कारक तो है ही, साथ ही सामाजिक विकास का भी अभिन्न अंग है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित किया गया कि हर वर्ष '21 जून' अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। योग है क्या? युज्यतेऽसौ योगः अर्थात् जिसके द्वारा मिलन होता है, वह योग है। यहाँ आत्मा के परमात्मा से जुड़ने की बात की गई है।

चार वेदों के चार महावाक्य, बौद्ध योग, वेदांत योग, जैन योग, सांख्य योग, ताओ योग, तिब्बती योग, चीनी योग, जापानी या ज़ेन योग, महर्षि अरविंद द्वारा प्रतिपादित पूर्ण योग, योगानंद परमहंस द्वारा प्रतिपादित क्रिया योग इत्यादि इसी योग के विश्व व्यापक रूप हैं। महर्षि पतंजलि ने योगदर्शन के द्वितीय श्लोक में ही योग को परिभाषित करते हुए लिखा– 'योगः चित्त वृत्ति निरोधः' अर्थात् चित्त वृत्तियों का निरुद्ध (अर्थात् स्थिर) होना ही योग है।

सारतः योग एक ऐसी अवस्था है, जिसमें चित्त का आत्मा में लय हो जाता है और तदनंतर आत्मा और परमात्मा का मिलन संभव होता है। अब प्रश्न उठता है कि चित्त की ऐसी अवस्था कैसे हो? और क्या आज भी यह संभव है? पातंजल योगदर्शन में महर्षि पतंजलि ने चित्त वृत्तियों के निरोध की एक विशिष्ट एवं विस्तृत योजना बताई। इसमें महर्षि पतंजलि ने समग्र योग को आठ अंगों में बाँट दिया, जिसे अष्टांग योगसूत्र का नाम दिया गया– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि योग के आठ अंग हैं।

यम–इंद्रियों एवं मन के विकारों पर अंकुश लगाकर अपने बाहरी कार्य–व्यवहार को नियंत्रित करना यम है। नियम–ऐसे श्रेष्ठ गुणों को जो ईश्वर से निकटता बढ़ाते हैं ग्रहण करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना 'नियम' है। आसन–सुखपूर्वक स्थिरता से दीर्घ काल तक बैठने का नाम 'आसन' है। प्राणायाम– श्वास व प्रश्वास की गति नियंत्रण का नाम 'प्राणायाम' है।

17 June 2025_Copy of Layout 1 6/17/2025 1:29 PM Page 2



# संपादकीय

## आर अश्विन इन दिनों मुश्किलों में फंस

भारतीय टीम के दिग्गज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन इन दिनों मुश्किलों में फंस गए है। आर अश्विन पर तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) के दौरान गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। आर अश्विन पर ये गंभीर आरोप मदुरै पैंथर्स ने डिंडीगुल ड्रैगन्स ने लगाया है। टीम ने अश्विन के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पूर्व भारतीय स्पिनर ने 14 जून को उनके मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ की थी। टीएनपीएल आयोजकों ने दावों के समर्थन में साक्ष्य की मांग की है। मदुरै पैंथर्स ने डिंडीगुल ड्रैगन्स पर रासायनिक उपचार वाले तौलिये का उपयोग करने का आरोप लगाया, जिससे गेंद भारी हो गई और बल्ले से टकराने पर धातु जैसी ध्वनि उत्पन्न हुई। इन गंभीर आरोपों के जवाब में टीएनपीएल के सीईओ प्रसन्ना कन्नन ने कहा कि यद्यपि शिकायत स्वीकार कर ली गई है, फिर भी मदुरै को सबूत देना होगा। उन्होंने कहा, "उन्होंने शिकायत दर्ज कराई है, जिसे हमने स्वीकार कर लिया है। यद्यपि उन्हें खेल के 24 घंटे के भीतर कोई भी शिकायत दर्ज करानी होती है, फिर भी हमने इसे स्वीकार कर लिया है और उनसे अपने आरोपों का सबूत प्रस्तुत करने को कहा है। यदि हमें उनके आरोपों में कोई सच्चाई लगी तो हम एक स्वतंत्र समिति गठित करेंगे। पर्याप्त सबूतों के बिना किसी खिलाड़ी और दूसरी फ्रेंचाइजी के खिलाफ ऐसे आरोप लगाना गलत है। प्रसन्ना ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, अगर वे कोई सबूत नहीं देते हैं, तो मदुरै को उचित प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। मदुरै फ्रेंचाइजी के सीओओ एस महेश ने एक पत्र में शिकायत का विवरण देते हुए कहा कि चेतावनी के बावजूद डिंडीगुल ड्रैगन्स ने गेंद से छेड़छाड़ जारी रखी। डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ हमारे हालिया मैच के दौरान गेंद से छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया। महेश ने अपने पत्र में लिखा, ष्बार–बार चेतावनी के बावजूद डिंडीगुल की टीम ने गेंद के साथ छेड़छाड़ की और ऐसे तौलिये का इस्तेमाल किया जो रसायनों से उपचारित प्रतीत हो रहे थे।

# आतंकवाद के मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र जरूरी


(आलेख : एम ए बेबी, अनुवाद : संजय पराते)

'ऑपरेशन सिंदूर' में 'विराम' के बाद सरकार द्वारा तथाकथित 'राजनयिक पहुंच' के तहत भेजे गए सभी सात संसदीय प्रतिनिधिमंडल वापस आ गए हैं। अपनी गंभीर आपत्तियों और सवालों के बावजूद, सीपीआई(एम) ने सरकार के अनुरोध को स्वीकार किया और इनमें से एक प्रतिनिधिमंडल में भाग भी लिया। सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद के सैन्य अभियान पर चर्चा करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। सरकार को इस एकता का सम्मान करना चाहिए और लोगों को परेशान करने वाले कई सवालों का जवाब देकर अपना संवैधानिक कर्तव्य पूरा करना चाहिए। इसके बजाय, प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी देश भर में घूम–घूम कर सांप्रदायिक नफरत फैलाने और कट्टरपंथ को बढ़ावा देने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' का इस्तेमाल कर रही है। प्रधानमंत्री और आरएसएसध्बीजेपी के नेतृत्व में इस अभियान का उद्देश्य आतंकवाद का सामना करने और उसे हराने के लिए जरूरी एकता को कमजोर करना है। आइए, लोगों के बीच पैदा हुई कुछ चिंताओं पर गौर करें।

पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादी अभी भी फरार हैं। घटना को 40 दिन से ज्यादा हो चुके हैं, फिर भी इस बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं है कि वे देश में कैसे घुसे, हमला कैसे किया या अब वे कहाँ हैं।

पीड़ितों को चुन–चुनकर निशाना बनाना हमारी सुरक्षा एजेंसियों की ओर से गंभीर चूक की ओर इशारा करता है। ये सभी एजेंसियां केंद्र सरकार के अधीन काम करती हैं। सरकार को इस विफलता की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए, एक गहन और निष्पक्ष जांच शुरू करनी चाहिए, जिम्मेदारी तय करनी चाहिए और जनता को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। यह न्यूनतम जिम्मेदारी है, जो आम जनता के प्रति भाजपा सरकार की बनती है। इसके बजाय, आरएसएस और भाजपा ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर एक जहरीला नफरत भरा अभियान चलाया है। उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने किसी को भी नहीं बख्शा है। उन्होंने जानबूझकर कश्मीरी लोगों की साहसी प्रतिक्रिया को नजरअंदाज किया है। उन्होंने इस तथ्य से आँखें मूंद लीं कि एक कश्मीरी टट्टू संचालक ने अपनी सेवाएँ किराए पर लेने वाले पर्यटकों की रक्षा करने की कोशिश करते हुए अपनी जान गंवा दी। कश्मीरियों द्वारा निस्वार्थ सहायता के कई कार्य किए गए।

उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुँचाने में मदद की और पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया। पहलगाम में कई पर्यटकों ने इसे स्वीकार किया। केरल की एक युवती आरती आर मेनन, जिसने हमले में अपने पिता एन रामचंद्रन को खो दिया, ने कहा कि हालाँकि उसने अपने पिता को खो दिया, लेकिन उसे कश्मीर में दो भाई मिले – मुसाफर और समीर – जिन्होंने उस कठिन समय में उसकी मदद की। कश्मीर के लोगों ने जिस तरह से एकजुट होकर आतंकी हमले की निंदा की, वह वाकई अनुकरणीय है। दुकानें स्वेच्छा से बंद कर दी गईं, मोमबत्ती जलाकर जुलूस निकाले गए।

# बच्चों के खेलने से उनका शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास तेज़ी से होता है



**अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य खेलों को संरक्षित रखना, बढ़ावा देनां व विशेष रूप से बच्चों को इसका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है**

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर भारत की संस्कृति और सभ्यता जिसमें बच्चों के पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है, को हजारों लाखों वर्षों पुरानी होने की बातें प्रिंट मीडिया में चलती रहती है, स्वाभिविक रूप से गिली–डंडा खो–खो, लंगडी, कांचे सहित अनेकों पारंपरिक खेल जो हमने अपने बचपन में खेले थे,वे कई पीढियां से चलते आ रहे हैं,जो आदि अनादि काल का ही होंगे।

आज इनका वजूद शायद मिटने की ओर, यानें विलुप्तता की ओर बढ़ चला है, हालांकि कबड्डी व खो–खो को कुछ हद तक प्रतिसाद मिलते रहते हैं परंतु बाकी खेलों को शायद नहीं मिलता। मेरा मानना है कि जब हमारे माननीय पीएम व गृहमंत्री, आज जब मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग तक पढ़ाई मातृभाषाओं में लागू कर दिया है जिसका उल्लेख माननीय गृहमंत्री ने 9 जून 2025 को तमिलनाडु में एक संबोधन में भी किया। बोलचाल, उनकी लिपियों को संरक्षित रखने की शानदार शुरुआत कर चुके हैं तो, मेरी इस आर्टिकल के माध्यम से अपील है कि अनेकों पौराणिक खेलों की सूची बनाकर उनमें से उचित खेलों को राष्ट्रीय परिपेक्ष में कन्वर्ट करने का संज्ञान लेना समय की मांग है। वर्तमान डिजिटल युग में हम अपनी परंपराओं पौराणिक खेलो सभ्यता की विलुप्तता महसूस कर रहे हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पूरी दुनियाँ 11 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रही है,

यह दिवस दुनिया भर में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का प्रतीक है,क्योंकि खेल केवल मनोरंजन नहीं होता, बल्कि यह बच्चों को सहयोग,नेतृत्व,समस्या समाधान और रचनात्मकता जैसे जीवन के आवश्यक कौशल सिखाता है।तकनीक के बढ़ते प्रभाव और पढ़ाई के बढ़ते दबाव के कारण बच्चों का खेल समय सीमित होता जा रहा है। ऐसे में यह दिन सभी को याद दिलाता है कि खेल बच्चों के समग्र विकास के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि शिक्षा। बच्चों को खेलने के लिए प्रोत्साहन देने उनको सुरक्षित करने इन खेलों का लाभ देने के लिए मनाया जाता है,जिससे बच्चों को शारीरिक मानसिक सामाजिक विकास पूरी गति के साथ हो सके इन पुराने खेलों को सुरक्षित कर उन्हें बढ़ावा देने के लिए एक सरकारी प्लेटफार्म बनाया जाए ताकि उनका लाभ बच्चों को दिया जा सके इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बच्चों के खेलने से उनके शारीरिक मानसिक तथा सामाजिक विकास में तेजी से बढ़ावा होता है।

साथियों बात अगर हम बच्चों के जीवन में खेलों के महत्व की करें तो,अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष 11 जून को मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के खेल के महत्व को उजागर करने और उनके शारीरिक,मानसिक तथा सामाजिक विकास में खेल की भूमिका को पहचानने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिन बच्चों को उनके बचपन का मूल अधिकार, खेल सुनिश्चित करने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। खेल एक बेहतर दुनिया बनाता है। 11 जून 2025 को मनाए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस, खेल को संरक्षित करने, बढ़ावा देने और प्राथमिकता देने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, ताकि सभी लोग, विशेष रूप से बच्चे, इसके लाभों का लाभ उठा सकें और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें।महज मनोरंजन से परे, खेल सभी उम्र के लोगों द्वारा बोली जाने वाली एक सार्व भौमिक भाषा है, जो राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और सामाजिक– आर्थिक सीमाओं से परे है। यह साझा जुनून समुदाय और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देता है।यह व्यक्तियों में लचीलापन, रचनात्मकता और नवाचार को भी बढ़ावा देता है। विशेष रूप से बच्चों के लिए, खेल संबंध बनाने और नियंत्रण में सुधार करने, आघात से उबरने और समस्या– समाधान में मदद करता है।

यह महत्वपूर्ण जीवन कौशल सीखने और विकसित करने के बारे में है, समस्या समाधान से लेकर विचारों को व्यक्त करने तक, भारतीय पौराणिक खेलों के बारे में कुछ उदाहरणरू कुश्तीरूकुश्ती एक प्राचीन भारतीय खेल है जो महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। रथ दौड़रूरथ दौड़ एक प्राचीन भारतीय खेल था जो विभिन्न राजाओं और राजकुमारों के बीच होता था। तीरंदाजीरूतीरंदाजी भी एक प्राचीन भारतीय खेल है जो महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। बाँस वाली छड़ी का खेलरूयह खेल भी महाभारत काल से जुड़ा हुआ है और इसे ष्बाँस वाली छड़ीष के रूप में जाना जाता, भारतीय पौराणिक खेलों के बारे में कुछ उदाहरणरू कुश्तीरूकुश्ती एक प्राचीन भारतीय खेल है जो महाभारत काल से जुड़ा हुआ है।रथ दौड़रूरथ दौड़ एक प्राचीन भारतीय खेल था जो विभिन्न राजाओं और राजकुमारों के बीच होता था।तीरंदाजीरूतीरंदाजी भी एक प्राचीन भारतीय खेल है जो महाभारत काल से जुड़ा हुआ है।बाँस वाली छड़ी का खेलरूयह खेल भी महाभारत काल से जुड़ा हुआ है और इसे ष्बाँस वाली छड़ीष के रूप में जाना जाता,अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का विषय क्या है? इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस का विषय है ष्खेल चुनें – हर दिनष। यह विषय हम सभी को – सरकारों, व्यवसायों, स्कूलों और परिवारों को – याद दिलाता है कि हमें ऐसे निर्णय लेने चाहिए जो बच्चों के लिए खेल को अपनाएँ और उन्हें प्राथमिकता दें।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस 11 जून 2025– बच्चों के खेलने से उनका शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक विकास तेजी से होता है।अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य खेलों को संरक्षित रखना,बढ़ावा देनां व विशेष रूप से बच्चों को इसकालाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है,भारतीय खेलों गिल्ली – डंडा, खो–खो, लंगडी, कांचे सहित अनेको पारंपरिकखेलों को राष्ट्रीय परिपेक्ष में लाकर फिर अंतरराष्ट्रीय मंच केलक्ष्य का संज्ञान लेना जरूरी।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# डीएम ने एक ही स्ट्रोक में 14 अनाथ बौद्धिक अक्षम दिव्यांग बालिकाओं को दिलवाया नया उच्च स्तरीय आशियाना

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल एवं उनकी कोर टीम के प्रयासों से 14 विशेष रूप से सक्षम बालिकाओं को अब उनका नया आशियाना मिल गया है। अब इन बच्चों को सत्य साईं आश्रम से राफेल होम संस्था में शिफ्ट किया गया। ज्ञातव्य है कि सत्य साईं आश्रम अपने निजी एवं आर्थिक कारणों से बन्द हो रहा है तथा बच्चों को संस्था में रखने को असमर्थ था।



कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम।

मुख्यमंत्री की प्रेरणा से डीएम ने एक ही स्ट्रोक में 14 अनाथ बौद्धिक अक्षम दिव्यांग बालिकाओं को दिलवाया नया उच्च स्तरीय आशियाना दिव्यांग अनाथ बालिकाओं के पुनर्वास की जरूरत पड़ी, प्रशासन को दलबल से हस्तक्षेप करना पड़ा। उच्च अधिकारियों को बालिकाओं संग रेफल होम भेज विधिवत् सेटल कराया। जिला प्रशासन की सख्ताई का असर प्रत्यक्ष पूर्ण, प्रभावी रहा 14 दिव्यांग बालिकाओं को बंद होने जा रही सत्य साईं आश्रम से राफैल होम संस्था में विधिवत् दाखिल कराया विशेष रूप से सक्षम बालिकाओं को संस्थाओं द्वारा एडमिशन न देने पर डीएम ने बिठाई थी उच्च स्तरीय जांच।

डीएम के तेवर सख्त; कहा पंजीकरण, गांरटी, अन्डरटेकिंग यदि प्रशासन की जिम्मेदारी तो, दिव्यांग असहाय अनाथ बच्चों के शोषण, अधिकारों का हनन अग्राहाय। डीएम ने कहा मानव मूल्य प्रथम; सेवा के नाम पर लिया पंजीकरण, धन उगाई को कुतंत्र न बनाएं संस्थाएं। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि जो एक दस्तखत इन संस्थाओं के संचालन पालन हेतु करोड़ों का धन दिलवा सकता है तो दस्तखत शर्तों का अनुपालन करवाने में भी सक्षम है। संस्थाओं का पंजीकरण धनराशि सहायता की संस्तुति; आपका दस्तखत महज इतिश्री नहीं, उन पर निर्भर है सैकड़ो दिव्यांग असहाय का जीवन। जो नियम कानून नैतिकता से बाहर उन पर प्रशासन प्रहार करने की तैयारी में है।

जिलाधिकारी के संज्ञान में आते जिला प्रशासन ने बालिकाओं को स्थानान्तरित करने की तैयारी तेज कर दी थी, जिसके फलस्वरूप ँचमबपंससल ंइसमक बालिकओं को जिला प्रशासन के वाहन से उनके नए आशियाने राफेल होम संस्था तक पहुंचाया गया। संस्था द्वारा बच्चों की पढ़ाई एवं भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा वहन की जाएगी। जिलाधिकारी ने अपनी कोर टीम मुख्य विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में जो संस्थाएं कार्य कर रही है उनको जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने संस्थाओं से अनुरोध किया कि संस्थाएं रजिस्ट्रेशन के समय पर जो सुविधा फैसिलिटी स्टॉफ दर्शाते हैं वह हर समय रहना चाहिए।

## खाई में गिरी ऑल्टो कार, दो लोगों की मौत

**चमोली।** थराली में कुलसारी आलकोट–माल बजवाड़–मोटर मार्ग पर एक अल्टो कार नोणा गांव के समीप अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2.30 बजे ऑल्टो किसी सवारी को छोड़ने नोणा गांव गई थी। ढालू और नोणा गांव के पास ऑल्टो वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की दी। मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन एवं डीडीआरएफ की टीम में स्थानीय लोगों के साथ घायल व्यक्तियों का रेस्क्यू कर खाई से निकाला। इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया सड़क हादसे में वाहन चालक दर्शन राम उम्र 54 पुत्र लूती राम निवासी पासतोली एव दिनेश चंद्र जोशी उम्र 62 पुत्र बलराम जोशी की सड़क दुर्घटना में ही मौत हो गई।

# सैल्फी लेने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी पर्यटकों की कार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मसूरी में राजपुर ट्रेक रूट पर एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार 6 पर्यटक बाल–बाल बच गए। घटना का कारण सेल्फी लेने के दौरान की गई लापरवाही बताया जा रहा है। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई, लेकिन समय रहते हुए रेस्क्यू टीमों ने स्थिति को संभाल लिया। कार हादसे की सूचना पर राजपुर पुलिस, फायर सर्विस और एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया। जिसके तहत खाई में गिरे 6 लोगों को सकुशल निकाला गया। जिन्हें 108 एंबुलेंस के जरिए पास के अस्पताल में भेजा गया। जहां पर सभी का उपचार किया गया। जानकारी के मुताबिक, रविवार को दोपहर के समय रुड़की से आए 6 पर्यटक राजपुर–झड़ीपानी ट्रेक रूट की ओर बढ़ रहे थे। रास्ते में एक खूबसूरत घाटी वाला स्थान देख सभी लोग रुक गए। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे खड़ी कर दी और सेल्फी व फोटो लेने लगे। चश्मदीदों के अनुसार, इस दौरान कार का चालक भी बाहर आ गया। बताया जा रहा वाहन का हैंडब्रेक ठीक से नहीं लगाया गया था। सेल्फी लेने के बाद जैसे ही सभी 6 लोग कार में बैठे, वैसे ही कार धीरे–धीरे सरकने लगी। देखते ही देखते खाई की ओर बढ़ गई। इससे पहले कि वो कुछ समझ पाते, तब तक कार करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि कार झाड़ियों में फंस गई।

# दून अस्पताल में डॉ. अमर उपाध्याय व टीम ने दो माह के शिशु को नई जिंदगी दी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित दून अस्पताल में चिकित्सा विज्ञान ने एक बार फिर करिश्मा कर दिखाया है। यहां सिर्फ दो महीने के एक शिशु की जटिल हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की गईकृवह भी बिना किसी चीरे के। यह सर्जरी राज्य के सरकारी चिकित्सा तंत्र की दक्षता और समर्पण का उदाहरण बन गई है। हरबर्टपुर निवासी उस्मान एक माह पूर्व अपने नवजात बेटे को लेकर देहरादून आए थे, जब बच्चे की सांस तेज चलने और अस्वस्थता के लक्षण दिखे। जांच में निमोनिया की पुष्टि हुई और साथ ही डॉक्टरों ने हृदय की जांच कराने की सलाह दी। ईको जांच में यह सामने आया कि बच्चे के दिल में एक छेद है और साथ ही ऑर्टिक वाल्व में गंभीर संकुचन भी है।



डॉ. अमर उपाध्याय की टीम।

बच्चे को दून अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में लाया गया, जहां प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने सर्जरी की आवश्यकता बताई, लेकिन पहले निमोनिया का इलाज करना जरूरी समझा गया। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. तन्वी सिंह की निगरानी में बच्चे का इलाज हुआ। कई दिनों तक प्रयास के बावजूद जब बच्चा ऑक्सीजन सपोर्ट से मुक्त नहीं हो पाया, तब सर्जरी का निर्णय लिया गया। करीब एक घंटे चली इस सर्जरी में बिना चीरा लगाए बालून तकनीक की मदद से बच्चे के सिकुड़े हुए वाल्व को खोला गया।

# दून पुलिस ने तोड़ी अंतरराज्जीय वाहन चोर गिरोह की कमर, एक आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दून पुलिस ने अंतरराज्जीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह का एक शातिर सदस्य दून पुलिस की गिरफ्त में आया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्ज़े से चोरी के 11 दुपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। गिरोह के फरार चल रहे अन्य 02 सदस्यों की तलाश जारी है। कई थानों के वाहन चोरी के अभियोगों का अनावरण किया गया है। अभियुक्त पूर्व में भी वाहन चोरी के अपराध में जेल जा चुका है।



बरामद किए गए वाहन।

विगत कुछ दिनों में शिकायतकर्ता विवेक निवासी वार्ड नं0 02 भूपपुर सिरमौर हि0प्र0, सोहेल खान निवासी पोंटा सिरमौर हि0प्र0, नन्द लाल निवासी कुंजा कुल्हाल विकासनगर जिला देहरादून द्वारा कोतवाली विकासनगर आकर शिकायत दर्ज करायी कि अज्ञात चोरों द्वारा अलग अलग स्थानों से उनकी मोटर साइकलें चोरी कर ली हैं। वाहन चोरी की घटनाओं के अनावरण तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा गठित अलग–अलग पुलिस टीमों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

पुलिस टीम द्वारा घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से संदिग्धों के संबंध में जानकारियां एकत्रित की गई। साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। साथ ही पूर्व में इस प्रकार की घटना में सम्मिलित जेल गए अभियुक्तों की वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप चौकिंग के दौरान गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 14/06/2025 को रात्रि में कुल्हाल पावर हाउस के पास से एक अभियुक्त साबिर पुत्र इरशाद निवासी कुल्हाल थाना विकासनगर जनपद देहरादून उम्र 22 वर्ष को थाना विकासनगर से चोरी किए गए वाहनों के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त से सख्ती से पूछताछ में अभियुक्त की निशानदेही पर 10 अन्य दुपहिया वाहन बरामद हुये।

17 June 2025_Copy of Layout 1 6/17/2025 1:29 PM Page 4



# महिला सुरक्षा के प्रति उत्तराखंड सरकार संवेदनहीनः ज्योति

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में आज महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने देहरादून में महिला अपराध की घटनाओं को लेकर एक प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से राज्यपाल एवं महिला आयोग की अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य मे महिलाओं व नाबालिग बच्चियों के विरूद्ध हो रही हिंसा, बलात्कार व जघन्य हत्या की घटनाओं पर लगाम लगाये जाने की मांग की।



महिला आयोग की अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेत्री ज्योति रौतेला।

जिलाधिकारी देहरादून के माध्यम से राज्यपाल उत्तराखंड एवं महिला आयोग की अध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में ज्योति रौतेला ने कहा कि महिला सम्मान, भ्रष्टाचार और भयमुक्त समाज के अपने वादे पर अमल करने में उत्तराखंड की भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। राज्य सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में राज्य में हत्या, मासूमों से बलात्कार एवं महिलाओं से सम्बन्धित जघन्य अपराधों की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। भारतीय जनता पार्टी के शासन में राज्यभर में महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, हत्या और जघन्य अपराधों की बाढ़ सी आई है। उत्तराखण्ड राज्य में औसतन प्रति माह एक बलात्कार और हत्या की घटना घटित हो रही है। तीन वर्ष पूर्व उत्तराखण्ड राज्य में हुए अंकिता भंडारी जघन्य हत्याकांड में शामिल वी.आई.पी. का नाम अभी तक उजागर नहीं हो पाया है तथा राज्य में लगातार सामूहिक बलात्कार व हत्या की घटनाओं में सत्ताधारी दल के लोगों की संलिप्तता उजागर हो रही है। राज्य में लगातार घट रही इन घटनाओं से महिला सम्मान के साथ–साथ राज्य की अस्मिता पर भी चोट पहुंची है। राज्य में भय का वातावरण व्याप्त है तथा आमजन विशेषकर महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने यह भी कहा कि जहां हरिद्वार में अपनी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी से सामूहिक दुष्कर्म कराने का मामला भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी अनामिका शर्मा से जुड़ा हुआ है वही अंकिता भंडारी हत्याकांड में मुख्य आरोपी भाजपा नेता का पुत्र पुलकित आर्य, द्वाराहाट में नाबालिग दलित युवती से बलात्कार मामले में मुख्य आरोपी भाजपा नेता प्रमोद बिष्ट, रूद्रपुर में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म मे मुख्य आरोपी भाजपा नेता नरेन्द्र गंगवार, बहादराबाद में दलित युवती की बलात्कार एवं हत्या कांड में मुख्य आरोपी भाजपा नेता अमित सैनी, लालकुंआ नाबालिग बलात्कार कांड में मुख्य आरोपी भाजपा नेता, नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, अल्मोड़ा में 14 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड कांड में मुख्य आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह बोरा तथा रूद्रपुर में नाबालिग लड़की एवं उसकी मां से छेड़छाड़ मामले में मुख्य आरोपी भाजपा पार्षद शिव कुमार गंगवार हैं। इसके अलावा भाजपा मुख्यालय में अपने ही दल की एक महिला कार्यकर्ता द्वारा भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) पर यौन उत्पीड़न के आरोप तथा हरिद्वार से भाजपा विधायक सुरेश राठौर पर बलात्कार का आरोप लगा है।

## हेलीकॉप्टर हादसे पर पर्यटन मंत्री सतपाल ने गहरी संवेदना व्यक्त की

**देहरादून।** पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार सुबह केदारनाथ से गुप्तकाशी लौट रहे हेलीकॉप्टर हादसे पर सभी मृतकों के प्रति गहरी संवेदना एवं दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर रेस्क्यू में जुट रहे।

उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया में दुर्घटना का कारण मौसम की खराबी रहा है, लेकिन सरकार इसकी जांच कराएगी और हादसे के कारणों का पता लगाएगी। वहीं हेलीकॉप्टर हादसे पर पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सांसद अनिल बलूनी ने भी दुख जताया है।

उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि बाबा केदारनाथ से प्रार्थना है कि हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह असह्य पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बता दें कि हेलीकॉप्टर हादसे में सात लोगों की मौत हुई है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर पत्रकारों के लिए मंगलवार को लगेगा स्वास्थ्य सुरक्षा कैम्प

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के क्रम में मंगलवार 17 जून को स्वास्थ्य और सूचना विभाग की ओर से पत्रकारों और उनके परिजनों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए, विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जांच के साथ ही परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता दिखाते हुए गत दिनों अधिकारियों को पत्रकारों के लिए विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग और सूचना विभाग के संयुक्त प्रयासों से मंगलवार को प्रातः 11 बजे से रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में इस विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में स्वास्थ्य की सभी आवश्यक जांचें उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि पत्रकारों को समुचित चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार मिल सके। निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना ने बताया कि कैम्प में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. विवेकानंद सत्यावली, डॉ. अंकुर पांडे, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार, ईएनटी डॉ. नितिन शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शांति पांडे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर उपाध्याय, और मानसिक रोग के विशेषज्ञों द्वारा भी पत्रकारों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही परामर्श प्रदान किया जाएगा।

# हरिद्वार जमीन घोटाले में जन संघर्ष मोर्चा ने की सीबीआई जांच की मांग

**विकासनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने हरिद्वार नगर निगम भूमि खरीद घोटाले की जांच सीबीआई ने कराने की मांग की है। इस मामले को लेकर रघुनाथ सिंह ने अपने समर्थकों के साथ तहसील का घेराव कर प्रशासन के जरिए राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।



जन संघर्ष मोर्चा पदाधिकारी ज्ञापन सौंपते हुए।

जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी का आरोप है कि सरकार में अच्छी दखल रखने वाले मास्टरमाइंड अधिकारी के निर्देश व दबाव के कारण ही इस घोटाले को अंजाम दिया गया। अधिकारियों ने दबाव में आकार यह घोटाला किया। रघुनाथ सिंह नेगी ने भूमि घोटाले में अधिकारियों को निलंबित करने और विजिलेंस जांच के आदेश वाले फैसले की तारीफ भी की है। रघुनाथ सिंह नेगी ने इसे सरकार का सराहनीय कदम बताया है, लेकिन अभी भी मास्टर माइंड की पिक्चर साफ नहीं हो पाई है। जिस पर शिकंजा कसना जरूरी है।

रघुनाथ सिंह नेगी का आरोप है कि मास्टर माइंड अधिकारी के मोबाइल द्वारा अधिकारियों से की गई घोटाले की बातचीत भी मीडिया तक पहुंच गई, जिसमें मास्टरमाइंड अधिकारी ने दबाव बनाकर काम जल्दी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कूड़े के ढेर से लगती करीब 33 बीघा भूमि का लैंड यूज चेंज करके 14 करोड़ की जमीन 54 करोड़ में खरीदी गई।

# रेस का घोड़ा साबित करने को कांग्रेस में शुरू हो गयी प्रतिस्पर्धाः मनवीर चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने भ्रष्टाचार, खनन तथा टेंडर मामलों मे कांग्रेस के आरोपों पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं की एकाएक सक्रियता यह बताने को पर्याप्त है कि वह खुद को रेस के घोड़े की श्रेणी मे अब्बल दिखाने की होड़ मे हैं।



चौहान ने कांग्रेस के आरोपों पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी की नसीहत ने कांग्रेस नेताओं मे इतनी स्फूर्ति का संचरण किया कि वह विपक्ष का धर्म भूलकर विकास की चर्चा के बजाय दुष्प्रचार मे जुट गए है। उन्होंने कहा कि खनन पर आरोप की राजनीति करने वाले कांग्रेसी नेताओं को यह आकलन अवश्य करना चाहिए कि पूर्व मे राजस्व क्यों नही बढ़ा। सरकार के सरंक्षण मे चोरी हुई, लेकिन धामी सरकार की पारदर्शी नीति के चलते आज खनन से राजस्व 4 गुना बढ़ गया है। अब चोरी नही, बल्कि संसाधनों का नियम के तहत शत प्रतिशत दोहन हो रहा है। चौहान ने कहा कि हरिद्वार रोप वे का टेंडर हुआ ही नही, लेकिन कांग्रेस इसे घोटाले के रूप मे प्रचारित कर रही है और यही उसकी अति सक्रियता है। हालांकि टेंडर के लिए शुरुआती दौर मे सभी औपचारिकताएं नियमानुसार अमल मे लायी गयी। उन्होंने कहा कि टीडीसी मे परिसंपत्तियों की नीलामी विधिक और पारदर्शी रूप से हुई है। लोनिवि के द्वारा उनकी बाजार मूल्य निर्धारित के बाद उच्च बोली दाता को आबंटित की गयी है और कांग्रेस तथ्यों को तोड़ने मरोड़ने की असफल कोशिश कर रही है। चौहान ने कहा कि केदारनाथ मे हेलीकॉप्टर दुर्घटना खराब मौसम के कारण हुई है। मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं और सोमवार तक हेली सेवाएं बन्द रखी गयी है। दुर्घटनाओं की ऑडिट के निर्देश, सभी चारधाम वैली में वैदर कैमरा लगाना जरूरी तथा यूकाडा को भविष्य में केवल डबल इंजन हेलीकॉप्टर्स संचालित करने हेतु ठोस पॉलिसी तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। किसी भी घटना की जांच और जिम्मेदारी तय की जायेगी। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। हालांकि पूर्व मे घटित आपदा की घटनाओं या बदइंतजामी के कारण हुई घटनाओं से आज तुलना नही की जा सकती है। त्वरित रेस्पॉस और चाक चौबंद सड़कों से आज यात्रा कई गुना सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार सबसे अधिक रोजगार मुहैया कराने वाली सरकार है तो सुदृढ़ कानून व्यवस्था और माफिया पर प्रहार करने मे सरकार ने विकास और सुशासन के कीर्तिमान स्थापित किये हैं। बेहतर होता कि खुद को साबित करने के बजाय कांग्रेसी विकास की दौड़ मे भागीदारी करते तो यह राज्य की सच्ची सेवा होती।

# मंत्री जोशी नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफ दें: आप

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आम आदमी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शरद जैन ने भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से नैतिकता के आधार पर तत्काल इस्तीफे की मांग की है, इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार पर चार धाम यात्रा में चलाई जा रही हेली सेवा को असफल करार देते हुए तत्काल हेली सेवा पर रोक लगाने की मांग की है।

वह आज अपनी महानगर कार्यकारिणी के साथ प्रेस क्लब के निकट स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से रूबरू हुए। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए शरद जैन ने कहा कि कृषि विभाग में एक और भ्रष्टाचार उजागर हुआ है जिसमें बगैर टेंडर प्रक्रिया पूरी हुए ही सहारनपुर की कंपनी द्वारा महेंद्र ग्राउंड पर 5 ट्रक सामान उतारने और मामला बिगड़ता देख आनन फानन में सामान समेटे जाने पर प्रदेश सरकार पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर सवाल खड़े होते है, जिसका मुख्यमंत्री को तत्काल जवाब देना चाहिए। यह घटना किसी



पत्रकार वार्ता के दौरान आप पदाधिकारी।

टेंडर प्रक्रिया के पूरे होने से पहले ही सामान उतारने की नहीं बल्कि सत्ता से मिली भगत और भ्रष्टाचार की गंध से सड़ चुकी व्यवस्था की पोल खोलती है। जब इस घटना का वीडियो वायरल हुआ और पूरे शहर में चर्चा फैल गई तो रातों–रात इस कंपनी ने वह सारा सामान चुपचाप समेट लिया।

इससे साबित होता है कि उस कंपनी को पहले से पता था कि टेंडर उसी को मिलेगा। सरकार को जवाब देना चाहिए कि क्या कृषि मंत्री गणेश जोशी ने पहले ही ठेकेदार मित्रों को हरी झंडी दे दी थी और क्या मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इस घोटाले की जानकारी थी?

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं बल्कि युवाओं और किसानों के साथ विश्वास घात है। आज उत्तराखंड का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है, किसान कर्ज में डूबा हुआ है, सरकारी नौकरियां पेपर लीक करने वाले माफिया की भेंट चढ़ चुकी है। दूसरी और मंत्रीगण अपना कमीशन सेट करने में लगे हैं। एक ओर धाकड़ धामी भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड का नारा लगाते हैं दूसरी और उन्हीं की सरकार के मंत्री गण भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करी है कि गणेश जोशी के नैतिकता के आधार पर इस्तीफा न देने की दशा में उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाए। ऐसा न होने की पर यह माना जाएगा की मुख्यमंत्री को पूरी घोटाले की जानकारी थी।

प्रदेश सरकार को बाजवा बागवानी को घोटाले सहित पहले के सभी लंबित कृषि विभाग के घोटाले की प्रगति को रिपोर्ट सदन में रखनी चाहिए ताकि जनता और सरकार में पारदर्शिता बनी रहे। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ने यमदूत बनी उत्तराखंड की हेली सेवा को तुरंत रोके जाने की मांग करी है। जिला महामंत्री जितेन पंत ने कहा कि अगर उत्तराखंड सरकार चार धाम हेली सेवा को चलाने में सक्षम नहीं है तो इस हेली सेवा को तत्काल बंद कर दिया जाना चाहिए।

यात्रा सीजन के दौरान पांच दुर्घटनाएं होने तक सरकार की नींद नहीं खुली। जब दुर्घटना में आधा दर्जन यात्रियों की मृत्यु हुई तब सरकार ने अपनी असफलता पर लीपापोती शुरू कर दी।

## लालकुआं से प्रयागराज के लिए 20 जून से रेल सेवा होगी शुरू

**लालकुआं।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने बताया कि आगामी 20 जून से लालकुआं से प्रयागराज के लिए रेल सेवा शुरू हो रही है, भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड वासियों को नई रेल सेवा की सौगात दिए जाने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है।

भट्ट ने बताया कि आगामी 20 जून से लालकुआं और प्रयागराज के बीच नई साप्ताहिक ट्रेन का संचालन होगा, जो कि शुक्रवार को लालकुआं से प्रयागराज को रवाना होगी जबकि प्रत्येक बृहस्पतिवार को प्रयागराज से लालकुआं ट्रेन आएगी और यह ट्रेन बरेली, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी।

भट्ट ने कहा कि लंबे समय से इस ट्रेन के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर पत्राचार कर रहे थे आखिरकार उत्तराखंड वासियों के लिए यह सौगात मिली है।

# देश के प्रथम गाँव माणा में आस्था के बीच बच्ची के लिए चमोली पुलिस का मानवीयता का सुंदर क्षण

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** चमोली जिले में स्थित देश के प्रथम गाँव माणा में 15 जून को एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान का आरंभ हुआ। जब श्री बदरी विशाल के क्षेत्र रक्षक भगवान श्री घंटाकर्ण महावीर भूम्याल के प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना के साथ ही तीन दिवसीय श्जेठ पुजेश का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग इस शुभ घड़ी के साक्षी बनने माणा पहुँचे। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल तैनात था। अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से निभाते इन जवानों के बीच एक बेहद प्यारा और दिल को छू लेने वाला पल आया। जब एक नन्ही बच्ची जो अपनी पारम्परिक वेशभूषा में बेहद प्यारी लग रही थी, साहस करके कुछ पुलिसकर्मियों के पास पहुँची।

उस बच्ची ने अपनी मासूमियत से ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों से अपने साथ एक तस्वीर या सेल्फी लेने का आग्रह किया। सामान्यतः व्यवस्था बनाने में पुलिसकर्मी व्यस्त थे, लेकिन इस बच्ची की मासूमियत भरे सरल आग्रह से पुलिस कर्मीयों का दिल पसीज गया और उन्होंने सहर्ष इस आग्रह को स्वीकार किया। पुलिस के जवानों ने बच्ची के साथ मुस्कुराते हुए यादगार तस्वीर खिंचवाई। जिसके बाद बच्ची ने भी अपने प्यारे अंदाज में पुलिस जवानों का आभार व्यक्त किया।

# डीएम संदीप तिवारी ने ली जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में जनपद चमोली की जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज जिला सभागार गोपेश्वर में जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने बताया 1 मार्च 2025 से 31 मई 2025 के बीच कुल 8 दुर्घटना के मामलों का विवरण पेश किया गया,जिनमे से एक मामले में एफआईआर दर्ज हुयी थी,जिसमें पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया गया हैं और अन्य दुर्घटनाओं में जहां ड्राइवर की गलती परिलक्षित होती है उनमें एसडीएम,पुलिसऔर आरटीओ को संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाने



के लिए निर्देशित किया गया और उन वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं जो अनफिट व्हीकल लेकर चलते हैं,स्पीड लिमिट का पालन नहीं करते अथवा नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट्स की पहचान और सड़क चिन्हों व चेतावनी बोर्डों की स्पष्टता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्रों की मैपिंग कर प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य आरंभ किए जाएं। इस दौरान इकाई प्रभारी के मीटिंग में अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# 18 जून की रैली की तैयारी तेज, बारिश के बीच भी किसान महासभा की बैठकें जारी

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बिंदुखत्ता राजस्व गांव पर झुनझुना नहीं, अधिसूचना जारी करो सरकार एवं आवारा गोवंश की व्यवस्था करो के नारे को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा के दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा बिंदुखत्ता के विभिन्न गांवों में जाकर जनसभा के साथ–साथ जन जागरूकता फैलाई जा रही है।

बिंदुखत्ता राजस्व गांव और आवारा गोवंश के सवाल पर अखिल भारतीय किसान महासभा बिंदुखत्ता कमेटी द्वारा आहूत 18 जून की रैली की तैयारी तेज करते हुए के बारिश के




बावजूद बिंदुखत्ता में बैठकें जारी हैं। आज बोरा लाइन, खैरानी, हाटाग्राम, इन्द्रानगर, घोड़ानाला, संजयनगर, तिवारीनगर आदि में हुई बैठकों में किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि, बिंदुखत्ता राजस्व गांव के मुद्दे पर भाजपा की धामी सरकार मुद्दे को भटकाने का काम कर रही है। धामी सरकार राजस्व गांव के मुद्दे पर झुनझुना पकड़ाने के बजाय बिंदुखत्ता राजस्व गांव की अधिसूचना जारी करे। उन्होंने कहा कि सरकार आवारा गोवंश की समस्या के समाधान को लेकर उदासीन बनी हुई है जिससे किसान और आम जनता बेहाल है।

बैठकों में विभिन्न गांव की कमेटियां गठित की गई। किसान नेताओं ने बिंदुखत्ता की संघर्षशील जनता से अपील की कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव तत्काल बनाए जाने और आवारा गोवंश की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 18 जून को होने जा रहे विशाल चेतावनी प्रदर्शन में बढ़ चढ कर शामिल हों। बैठकों में माले नैनीताल जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, वरिष्ठ नेता विमला रौथाण, किशन बघरी, हरीश भंडारी, किशन सिंह बघरी, राजेंद्र सिंह बोरा, पूजा देवी, हेमा देवी, पूरन सिंह, नीमा बिष्ट, पार्वती देवी, कमला देवी, दान सिंह, मदन सिंह, जगदीश, दयाकिशन, बची सिंह, रमेश तिवारी, तुलसी, मंजू, सुनीता बोरा, भागुली, धनुली, कमला, गीता देवी, सुरेंद्र सिंह आदि मुख्य रूप शामिल रहे।

17 June 2025_Copy of Layout 1 6/17/2025 1:29 PM Page 6



# नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की प्रदेश यूनियन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ बागेश्वर में संगोष्ठी का आयोजन

**बागेश्वर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे) की प्रदेश इकाई के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आज बागेश्वर मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगाई, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल रेडक्रॉस चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण और एनयूजे प्रदेश अध्यक्ष दया जोशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।



समारोह के दौरान जिलाधिकारी आशीष भटगई ने नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी को शपथ दिलाई और मीडिया की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो आम जनमानस की आवाज को मंच देता है। आज डिजिटल युग में पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ गई है।

कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसका मुख्य विषय था उत्तराखंड की दशा और दिशा। संगोष्ठी में राज्य आंदोलनकारी और सामाजिक चिंतक भुवन पाठक ने कहा कि राज्य निर्माण का उद्देश्य बेहतर भविष्य था, लेकिन आज भी प्रदेश बेरोजगारी और नशे जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। इन मुद्दों पर समाज और सरकार दोनों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने उत्तराखंड को पर्यटन प्रदेश के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ पत्रकार हरीश जोशी ने कहा कि राज्य गठन का उद्देश्य स्थानीय लोगो को रोजगार एवं सामाजिक संस्कृतिक धरोहरों को सहेजने के साथ विकास की बेहतर योजनाओं के लिए किया गया था। जो मूल अवधारणा से भटक गया है। वरिष्ठ उधमी दलीप सिंह खेतवाल ने कहा कि राज्य स्तर पर उधोगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार देने का कार्य होने चाहिए। पर्वतीय क्षेत्रों में यहाँ के अनुकूल उधोग को बढ़ावा देने की जरूरत है। जिससे ना केवल रोजगार बढ़ेगा बल्कि नशे का प्रचलन भी कम होगा। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐंठानी ने कहा कि राज्य के चहुमुखी विकास में पत्रकारों का अहम योगदान है। जो ना केवल सरकार को बल्कि राजनेताओं को भी दिशा देने का कार्य करते है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से समावेशित विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उनके अनुकूल योजनाओं पर कार्य करने की बात कही। इससे पूर्व नेहा डांस एकेडमी के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस मौके पर एनयूजे संरक्षक त्रिलोक भट्ट, महासचिव गोपाल दत्त गुरुरानी,उपाध्यक्ष दीपक पाठक, सचिव जगदीश उपाध्याय, पुष्पेंद्र राणा, बाबा आदित्यनाथ, दरवान रावत, मोईद्दीन तिवारी, महेश गड़िया, कन्हैया वर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, दीपा आर्या, उमा बिष्ट, आलोक पांडे, संजय साह, चरण सिंह बघरी, जिला सूचना अधिकारी क्षितिज वर्मा, सीएमएस डॉ एसपी त्रिपाठी, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पत्रकारों को नई ऊर्जा देने के साथ–साथ उत्तराखंड के भविष्य को लेकर गंभीर विमर्श का मंच भी दिया।

## कुलसरी के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त पांच लोगों को आई मामूली चोटे

**चमोली।** सोमवार तड़के कर्णप्रयाग– ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुलसारी खेल मैदान के पास टैक्सी कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई गई। जिसमें सवार चालक पुष्कर सिंह पुत्र दरबान सिंह निवासी चौंण्डा उम्र 50 वर्ष,विमला देवी पत्नी पुष्कर सिंह निवासी चौंण्डा उम्र 48 वर्ष, ममता पुत्री पुष्कर सिंह निवासी चौण्डा उम्र 20 वर्ष, हीरा देवी पत्नी हरेंद्र सिंह निवासी चिड़िगा उम्र 36 वर्ष, शिवानी पुत्री भगवान सिंह निवासी कांन्डे उम्र 24 वर्ष, सभी घायल व्यक्तियों को सामान्य चोटें आई हैं। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली हॉस्पिटल में चल रहा है।

थाना अध्यक्ष थराली पंकज कुमार ने बताया डी सी आर. द्वारा 112 पर समय 6ग्00 बजे लगभग एक वाहन गिरने की सूचना आई कि वाहन टिगोर टैक्सी जो कर्णप्रयाग से थराली की ओर आ रहे थी, कुलसारी में सड़क से बाहर कुलसारी ग्राउंड में गिर गई।

# बसपा की एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन नगरपालिका गौचर के सभागार में आयोजित



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर पालिका गौचर के सभागार में बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी में शामिल करने पर मंथन किया गया।

आगामी लोकसभा एवं जिला पंचायत चुनावों को देखते हुए सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी समसुदीन राईन ने कार्यकर्ताओ से कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक ग्राम सभा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जोड़गें और आगामी लोक सभा चुनाव में हमारी पार्टी के उम्मीदवार सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

पांच बार जनपद चमोली चमोली के जिला प्रभारी मुकेश कोसवाल ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए नगर क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्रों में बैठकें आयोजित की जायेंगी तथा बहिन कु० मायावती के उत्तराखंड में बसपा की चुनावी नींव को मजबूती करेंगी।

# यूसीसी प्रोत्साहन योजना में जिले के पांच सीएससी किए जाएंगे पुरस्कृत


**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को समान नागरिक संहिता की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में यूसीसी पंजीकरण की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।




जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान जानकारी दी की यूसीसी पंजीकरण के त्वरित निस्तारण के लिए शासन की ओर से राज्य में सीएससी के लिए जनपदवार प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। जिसके तहत दो चक्र में योजना का संचालन किया जाएगा। योजना का प्रथम चक्र 10 जून से 10 जुलाई 2025 तथा द्वितीय चक्र 11 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक संचालित किया जाएगा। प्रत्येक चक्र के अंत में योजना के निर्धारित मानदंडों के आधार पर जनपद में सर्वाधिक पंजीकरण करवाने वाले 5 सीएससी को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सब रजिस्ट्रार के साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को यूसीसी में किए गए आवेदनों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समान नागरिक संहिता के तहत वर्तमान तक 14 हजार 459 लोगों की ओर से विवाह, विवाह विच्छेद, लिव इन रिलेशन, उत्तराधिकारी सहित अन्य पंजीकरण हेतु आवेदन किया गया है। जिनमें से वर्तमान तक 13 हजार 438 पंजीकरण कर लिए गए हैं।

# नगर क्षेत्र में बंदरों के आतंक से कब मिलेगी निजात, खूंखार बन्दर ने किया जगदीश कोहली पर हमला

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका क्षेत्र गौचर में बंदरों का आतंक बना हुआ है। यहां वार्ड नं. 01 में खूंखार बंदर द्वारा जगदीश कोहली के ऊपर हमला किया गया। वार्ड सभासद गौरव कपूर ने इस संबंध में वन विभाग को अवगत कराया जा चुका है।





वन विभाग ने कहा कि घायल हुए व्यक्ति जगदीश कोहली के इलाज का खर्चा विभाग उठायेगा। लेकिन बन्दरो को वे नहीं पकड़ सकते हैं। वार्ड सभासद गौरव कपूर ने इस संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप नेगी से भी बन्दरो द्वारा किए गए आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए बन्दर पकड़ो अभियान चलायें जाने की बात कही है।


यहां नगर क्षेत्र व आस पास के गाँव के स्थानीय निवासी व व्यापारी व विद्यार्थी सहित हर कोई बंदरो व लंगूरो से खासे परेशान है। बन्दर व लंगूर पहले जहां जंगलों में दिखाई देते थे वे अब निचले गांवों तथा शहरों में झुंड के रूप में दिखाई देने लगे हैं। अब तो खूंखार बंदर व लंगूर आदमियों को काटने आ भी रहे है। चर्चा तो ऐ भी है कि अन्य इलाको से बंदरो को पकड़कर यहां छोड़ा जा रहा है। अब तो घर में दरवाजा खुला रहने पर ऐ बंदर घर के अंदर रखी खाद्य सामाग्री तक उठा ले जा रहे है। अब तो थाली से भी रोटी बचानी मुश्किल हो गयी है। भगाने पर काटने आ रहे है। अब स्कूली बच्चो का अकेला स्कूल जाना –आना खतरे से खाली नही है। यही नहीं बंदर दुकान में घुसकर सामान उठा ले जा रहे है। जिससे व्यापारियों को भी खासा नुकसान हो रहा है। बंदरों के आतंक से छुटकारा पाने के लिऐ नगरवासी व ग्रामीण जनता कई बार नगर–पंचायत व वन विभाग से बंदरो को पकड़ने के लिए तहसील दिवस तथा क्षेत्र पंचायत की बैठको में अधिकारियों के समक्ष अपनी गुहार लगा चुके हैं। लेकिन बंदरो को पकड़ने की कोई कार्यवाही नही हो रही है। जिस वजह आम लोग बंदरो के आतंक से खासे परेशान है। स्कूली बच्चो को स्कूल अकेला भेजना भी खतरे से खाली नही है। बंदरो व लंगूरों के आतंक से खेती बाडी व सागभाजी उगाने से भी लोग अब कतराने लगे। कई लोगो ने तो बंद ही कर दिया है। जिससे खेत और सागभाजी खेत भी बंजर पड़े हैं। और रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हो गये है।

# फिल्म, नीति निर्माण से जुड़े प्रमुख व्यक्तित्वों ने उत्तराखंड को रचनात्मकता, उद्यमिता का केंद्र बनाने पर विचार-विमर्श किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मंथन–इमर्जिंग उत्तराखंड 2025 कार्यक्रम के दौरान होटल हयात रीजेंसी, देहरादून में आयोजित 'फिल्म इंडस्ट्री और अर्थव्यवस्था' विषयक पैनल चर्चा में प्रख्यात फिल्म निर्माता कुनाल शमशेर मल्ला ने अपने विचारों से सबको प्रभावित किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर फिल्म, कला और नीति निर्माण से जुड़े प्रमुख व्यक्तित्वों ने उत्तराखंड को रचनात्मकता, विकास और उद्यमिता का केंद्र बनाने पर विचार–विमर्श किया। फिल्म जगत के चर्चित नामों कृ मुकेश तिवारी, विपुल मेहता और आरुषि निशंक कृ के साथ मंच साझा करते हुए कुनाल मल्ला ने कंटेंट–केंद्रित सिनेमा की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा, कहानी एक राजा की तरह होनी चाहिए। उन्होंने



पैनल चर्चा के दौरान फिल्म निर्माता कुनाल शमशेर मल्ला।

मेनस्ट्रीम फिल्मों में गिरते कंटेंट स्तर को लेकर चिंता जताते हुए कहा, "आज जब फिल्म मार्केट में जाते हैं तो निर्माता और वितरक सबसे पहले पूछते हैं कि स्टार कौन है, न कि कहानी क्या है। फिल्म का बजट नहीं, उसकी आत्मा उसे महान बनाती है।" गढ़वाली सिनेमा के प्रति अपने जुनून को साझा करते हुए कुनाल मल्ला ने कहा कि वे उस दिन की कल्पना करते हैं जब गढ़वाल की फिल्में भी तमिल, तेलुगु या मलयालम फिल्मों जैसी पहचान पाएंगी।

उन्होंने कहा,"हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा कृ हमारे घरों, आस–पास के माहौल और आम लोगों से जुड़ी कहानियों को फिर से खोजना होगा। मैं उस दिन का सपना देखता हूं जब बॉलीवुड गढ़वाली फिल्मों से प्रेरित होगा, न कि गढ़वाली सिनेमा बॉलीवुड की।" इस सत्र का संचालन अभिषेक मैंदोला ने किया, जिसमें फिल्म और मीडिया जगत से जुड़े कई दिग्गजों ने भाग लिया और उत्तराखंड में फिल्म नीति, प्रशिक्षण ढांचा और सिनेमा के आर्थिक प्रभाव जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। कुनाल शमशेर मल्ला देहरादून निवासी अभिनेता, निर्देशक, निर्माता, शिक्षाविद और मार्शल आर्ट विशेषज्ञ हैं। वे ओलंपस हाई स्कूल के संस्थापक और उत्तराखंड स्टेट ऑडिट बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने 40 वर्ष की उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखा और से यस टू लव, माज़ी, दम लगाके हईशा जैसी फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा वे देव भूमि जैसी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं।

अभिनय के साथ–साथ वे एक प्रशिक्षित गायक, ब्लैक बेल्ट मार्शल आर्टिस्ट और क्षेत्रीय सिनेमा एवं संस्कृ ति के सशक्त समर्थक भी हैं। उनकी आने वाली फीचर फिल्म 5 सप्टेंबर, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक 40 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं, जल्द ही रिलीज़ होने वाली है।

## अमेजन डॉट इन पर टॉप एसी और रेफ्रिजरेटर पर पाएं शानदार डील्स

**देहरादून।** अमेजन डॉट इन पर इस मौसम में गर्मी से जुड़े सामानों की विस्तृत रेंज के साथ ठंडक भरे माहौल में सुकून के साथ रहें। हाई–परफॉर्मेंस एसी और बिजली–बचाने वाले रेफ्रिजरेटर से लेकर, यहां आप कैरियर, गोदरेज, हायर, सैमसंग जैसे टॉप ब्रांड्स के बेहतरीन प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर सकते हैं।

ग्राहक 20 हजार रुपये तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, 3 हजार रुपये तक का कूपन डिस्काउंट और एचडीएफसी, एक्सिस, येस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल, एचएसबीसी और फेडरल बैंक क्रेडिट कार्ड ईएमई ट्रांजेक्शन पर 18 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं। जिसमें एलजी 1 टन 4 स्टार डुअल इन्वर्टर स्प्लिट एसी 34,990 रुपये में खरीद सकते हैं।

एलजी 1.5 टन 5 स्टार डुअल इन्वर्टर स्प्लिट एसी 44,490 रुपये, पैनासोनिक 2.0 टन 4 स्टार प्रीमियम वाईफाई इन्वर्टर एसी 55,990 रुपये में खरीद सकते हैं।

# विकासनगर में जन्मदिन मनाकर लौट रहे तीन दोस्तों की सड़क दुर्घटना में मौत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश में सड़क हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं विकासनगर–सेलाकुई थाना क्षेत्र में लेबर चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

बीती रात सेलाकुई थाने के कंट्रोल रूम में वाहन दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर लेबर चौक के पास एक स्कूटी को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार गई थी। घटना करीब देर रात 11:10 बजे की है। बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना के समय स्कूटी को सूरज चला रहा था और सूरज के पीछे अनिल और मुकेश बैठे हुए थे। हादसे में सूरज की मौके पर ही मौत हो गई थी। मुकेश और अनिल गंभीर अवस्था में सीएचसी प्रेमनगर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। सेलाकुई थाना के वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया की तीनों युवक सेलाकुई स्थित एक कंपनी में काम करते थे और जमालपुर में अपने दोस्त सुरजीत के जन्मदिन की पार्टी में दोबारा शराब के ठेके पर जा रहे थे, तभी लेबर चौक के पास अज्ञात वाहन की चपेट में स्कूटी सवार आ गए। हादसे में स्कूटी चालक सूरज (20 साल) की मौके पर मौत हो गई और मुकेश (26 साल) और अनिल (22साल) की अस्पताल मे उपचार के दौरान मौत हो गई।

# एसएसबी दीक्षांत समारोह, देश को मिले 46 सब-इंस्पेक्टर

**श्रीनगर गढ़वाल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर गढ़वाल में सोमवार को 26वां उपनिरीक्षक (सीधी भर्ती) कोर्स का दीक्षांत समारोह गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर 46 प्रशिक्षुओं ने गहन प्रशिक्षण पूर्ण कर उपनिरीक्षक के रूप में राष्ट्र सेवा की शपथ ली। इन प्रशिक्षुओं में उत्तर प्रदेश से 13, हरियाणा से 10, राजस्थान से 8, उत्तराखंड से 4, बिहार से 4, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से 2–2, मणिपुर, पंजाब व जम्मू–कश्मीर से 1–1 प्रशिक्षु शामिल रहे।

इस बैच में 40 स्नातक और 6 स्नातकोत्तर डिग्री धारक शामिल हैं। दीक्षांत परेड में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण अधिकारी अरुण ब्याला (डिप्टी कमांडेंट) ने राष्ट्रीय ध्वज और



दीक्षांत समारोह के दौरान।

संविधान के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक अमृत मोहन प्रसाद ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सर्वश्रेष्ठ बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया। पाठ्यक्रम में कुल 42 विषय शामिल थे, जिनमें योग, तैराकी, घुड़सवारी, मोटर ड्राइविंग, आत्मरक्षा, ड्रिल, हथियारों का प्रशिक्षण, फायरिंग, मैप रीडिंग, आपदा और सीमा प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, कानून की जानकारी, प्राथमिक उपचार प्रमुख रहे।

# पंचायत चुनाव की तकनीकी तैयारियां शुरू कुमाऊं मंडल में अधिकारियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2025 की तैयारियों के अंतर्गत व्यापक तकनीकी और प्रशासनिक प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

इसी क्रम में सोमवार को सर्किट हाउस, काठगोदाम में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता आयोग के प्रभारी संयुक्त सचिव, कमलेश मेहता, ने की। प्रशिक्षण में कुमाऊं मंडल के छह जनपदों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायती चुनाव अधिकारी, सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारी,



सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्य निर्वाचन आयोग व राज्य सूचना विज्ञान केंद्र, देहरादून के अधिकारियों द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से जुड़ी विभिन्न कार्यप्रणालियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। एनआईसी द्वारा विकसित विशेष सॉफ्टवेयर का लाइव प्रदर्शन करते हुए मतदाता प्रबंधन, मतदाता सूची अपलोड, मतदान किट, मतपेटी प्रबंधन, निर्वाचन प्रमाण पत्र, मतगणना एवं निर्वाचन व्यय सीमा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

यह सॉफ्टवेयर निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल मतदान और मतगणना की प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी, बल्कि कार्मिकों की नियुक्ति से लेकर परिणामों की घोषणा तक का कार्य ऑनलाइन माध्यम से सुगमता से किया जा सकेगा। प्रशिक्षण में अधिकारियों को उत्तराखण्ड पंचायती राज अधिनियम, 2018, पंचायत निर्वाचन नियमावली, संशोधित प्रावधानों, निर्वाचन व्यय सीमा, मतदान व मतगणना प्रबंधन, और निर्वाचन कार्मिकों के प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी संयुक्त सचिव कमलेश मेहता ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर सभी नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकते हैं। यदि किसी मतदाता का नाम छूटा हो या गलत दर्ज हो, तो सहायक निर्वाचन अधिकारी अथवा उप जिलाधिकारी के माध्यम से नाम जोड़ा या सुधारा जा सकता है।

# दिवंगत साहित्यकार डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**रुड़की (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रुड़की की साहित्यिक संस्था नवसृजन द्वारा देश के सुविख्यात साहित्यकार एवं शिक्षाविद डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा श्अरुणश की स्मृति में भावभीनी काव्यांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में रुड़की के जाने–माने साहित्यकारों व कवियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। डॉ. शालिनी जोशी पंत की अध्यक्षता व पंकज त्यागी असीम के संचालन में मुख्य अतिथि उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज ,विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती साधना त्यागी, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन ,संस्था महासचिव किसलय क्रांतिकारी एवं डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा जी के सुपुत्र शैलेंद्र शर्मा ने मंचासीन होकर दीपप्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा माँ सरस्वती स्वर्गीय डॉ. योगेंद्र नाथ शर्मा श्अरुणश जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की । कार्यक्रम के आरम्भ में अनिल वर्मा अमरोहवी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, इसके बाद डॉ. श्रीगोपाल नारसन ने योगेन्द्र नाथ शर्मा श्अरुणश का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए बताया कि उनका जन्म 26 जून 1941 को कनखल के एक साधारण पुरोहित परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन–काल में शिक्षा एवं साहित्य के उत्कृष्टतम शिखरों को छुआ। वह बी .एस. एम. पीजी डिग्री कॉलेज रुड़की व उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के प्राचार्य रहे, वर्धा अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्वारा नामित कार्यकारिणी के सदस्य होने के साथ ही संघ लोक सेवा आयोग में परीक्षक के रूप में रहे, उन्होंने विभिन्न विषयों पर लगभग 50 पुस्तकें लिखी, उन्होंने अपने जीवन काल में लगभग 50 शोधार्थियों को पी. एच.डी. कराई तथा 22 शोधार्थियों को डी–लिट् की उपाधि दिलवाई। उत्कृष्ट साहित्यिक सेवा के लिए उन्हें 21 हजार रुपये से लेकर पांच लाख रुपये की नकद धनराशि वाले अनेक राष्ट्रीय सम्मानों से पुरस्कृत किया गया। वह एन.बी.टी. के ट्रस्टी भी रहे। इस अवसर पर डॉ. श्रीगोपाल नारसन ने अपनी रचना ष्जमीन से जुड़कर उन्होंने नभ छुआध गमों को सहकर भी हॅस कर जियाष सुनाई जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया। वरिष्ठ कवि सुरेन्द्र कुमार सैनी ने अपनी रचना ष्एक अरुण ने नभ में उग कर सारा जग दमकाया है ध्एक अरुण ने धरती पर शिक्षा का दीप जलाया हैष सुनाई तो सुप्रसिद्ध गीतकार पंकज गर्ग ने जब अपना गीत ष्मैं गीतों से तुमको जरा छू रहा हूॅ ध्मैं प्यासा हूॅ सावन से मिलने चला हूॅष सुनाया जो की डॉ. अरुण जी को बेहद पसंद था तो सदन कुछ देर के लिए भावुक हो गया। इसी क्रम में डॉ. आनंद भारद्वाज ने अपनी रचना ष्आपका जाना अखरा जैसे उपवन में पतझर आयाष को भी लोगों ने काफी सराहा। डॉ. शालिनी जोशी पंत ने अपनी रचना ष्बाहों के घेरे में सबको थामे हुएध बन के पीपल खड़े तुम हमारे लिएष का वाचन किया तो डॉ. घनश्याम बादल ने अपनी रचना ष डांट ,सीख, नसीहत के साथध प्लीज, प्लीज, लौट आओ ना पिताष्को सुनाया। डॉ. अरुण की सुपुत्री श्रीमती कामना ने जब अपनी रचना ष्अरुण गर अस्त होता है तो अरुणोदय भी होता हैष सुनाई तो सब भावविभोर हो गए। डॉ. अरुण के सुपुत्र शैलेंद्र शर्मा ने भावुक होकर अपने पिताज के संस्मरणों को साझा किया।

## भूत भगाने के नाम पर युवती से दुष्कर्म, कोर्ट के आदेश पर आरोपी तांत्रिक के खिलाफ मामला दर्ज

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भूत भगाने के नाम पर दुष्कर्म करने के आरोपी तांत्रिक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि तांत्रिक ने इलाज करने के नाम पर हजारों रुपए भी हड़प लिए हैं।

जानकारी के अनुसार गंगनहर क्षेत्र निवासी एक महिला ने एसीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी बेटी की तबीयत काफी खराब रहती थी। बेटी रात को सोते समय डर जाती थी। साल 2025 जनवरी माह में महिला अपनी बेटी को पिरान कलियर स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाह में जियारत के लिए ले गई। जहां पर उसे सुशीला नाम की एक महिला मिली। महिला ने बताया था कि लक्सर क्षेत्र के भारुवाला गांव निवासी समर सिंह झाड फूंक का काम करता है। वह उसकी बेटी को ठीक कर देगा। जिसके बाद वह अपनी बेटी को समर सिंह के घर ले गई।

इसके बाद समर सिंह ने महिला की बेटी के शरीर पर एक निशानी बताई। इसी के साथ उसे अकेले में जाकर इस निशानी को देखने के लिए कहा। जब महिला को बेटी के शरीर पर निशानी मिली तो उसे यकीन आ गया, इसके बाद समर सिंह ने पूजा करने के बाद उसने एक हजार रुपये लिए और उन्हें वापस घर भेज दिया। तबियत में सुधार न होने पर समर सिंह ने बताया कि उसकी बेटी पर जिन्न का साया है।

## गंगनहर में कूदकर महिला ने की जान देने की कोशिश

**रुड़की।** गृह क्लेश से तंग आकर एक महिला ने गंगनहर में कूदकर जान देने की कोशिश की। जिसे समय रहते जलवीर ने डूबने से बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार रुड़की में अचानक एक महिला गंगनहर में कूद गयी। जिसके बा वो डूबने लगी।

उसे डूबता देख लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी बीच फरिश्ता बनकर पहुंचे मोनू जलवीर ने अपनी जान जोखिम में डालकर कड़ी मशक्कत के बाद महिला को सकुशल गंगनहर से बाहर निकाला और उसकी जान बचा ली। मोनू ने महिला के पेट में भरे पानी को निकाला, जिसके बाद महिला को होश आया। महिला ने होश में आने के बाद बताया कि उसने गृह क्लेश के चलते यह कदम उठाया था।

## ग्लोबल विंड डे के अवसर पर मालदेवता में सफाई अभियान का आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ग्लोबल विंड डे के अवसर पर सृष्टि–सरदार रणजोध सिंह हेल्थ एंड ट्रेनिंग्स इनिशिएटिव द्वारा मालदेवता, देहरादून में एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह पहल गर्मियों की छुट्टियों में पर्यटकों द्वारा क्षेत्र में छोड़े गए कचरे को साफ करने के लिए की गई।



सफाई अभियान चलाते हुए।

मालदेवता, जो एक प्रसिद्ध पिकनिक स्थल है, गर्मियों में पर्यटकों से भरा रहता है। लेकिन पिकनिक मनाने के बाद कई लोग प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स के पैकेट, थर्माकोल की प्लेटें और अन्य कचरा छोड़ जाते हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है बल्कि स्थानीय सुंदरता भी प्रभावित होती है। इस सफाई अभियान में डॉ. नवजोत, जसलीन कौर, वंश सैनी, अंश भार्गव, निखिल, जतिन किंद्रा, कुशाग्र चौधरी, रजविंदर कौर, आकाश गुप्ता और अंकित उनियाल जैसे युवा स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर मालदेवता क्षेत्र में फैला प्लास्टिक, कागज़ और अन्य कचरा एकत्र किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह अभियान न केवल सफल रहा बल्कि एक प्रेरणादायक सामाजिक संदेश भी दे गया कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। सृष्टि की ओर से यह संकल्प लिया गया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### आइटीबीपी मेंआयुष्मान आरोग्य मंदिर देवपुरी और चमोला के स्टाफ ने जवानों को योग प्राणायाम का अभ्यास कराया



**चमोली।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 8 वीं वाहिनी गौचर के प्रांगण में सोमवार 16 मई को आयुष्मान आरोग्य मंदिर देवपुरी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर चमोला के स्टाफ द्वारा विधिपूर्वक भव्य योग सत्र का आयोजन कर जवानों को योग प्राणायाम एवं आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुलोम विलोम, भ्रामरी , शीतली , ताड़ासन , वृक्षासन , सिंहासन , पश्चिम उत्तानासन आदि का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कमांडेंट बहेरा एवं चिकित्सक डॉक्टर देवेश उपस्थित रहे।

### हैलीकॉप्टर हादसे पर दुःख प्रकट किया

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के प्रदेश सचिव राजीव कुमार ने केदारनाथ घाटी में हुए हैलीकॉप्टर हादसे पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए मृतकों के प्रति शोक एवं उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस सचिव राजीव कुमार ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर राज्य सरकार की लापरवाही के चलते लगातार हो रहे हैलीकॉप्टर हादसे अत्यंत ही दुखद हैं जिसमें तीर्थयात्रियों को असमय काल कल्वित होना पड़ा है। राजीव कुमार ने हैलीकॉप्टर हादसों के लिए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली एवं विभागीय लापरवाही को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि राज्य सरकार व विभाग की लापरवाही के कारण तीर्थ यात्रियों को इसका खामियाजा अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है।

## पेज 01 का शेष...

### केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मिले मुख्यमंत्री धामी, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया कि बैंकों, एनबीएफसी और अन्य वित्तीय संस्थानों को इस संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश दिए जाएं ताकि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लाभार्थियों को सरलता से ऋण सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) को मोदीपुरम मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार तक विस्तारित करने की बात कही। इससे न केवल राज्य में यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि शहरीकरण और समग्र आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19